प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 0920बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वंदे मातरम् की भावना, देशभक्ति, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए प्रेरणा
- नशा मुक्त हिमाचल की मुहिम में मंडी जिला को बड़ी सफलता–करसोग खंड के तीन गांव तंबाकू मुक्त घोषित
- पुलिस की वर्दी में रील–वीडियो व एंटरटनेमेंट कंटेंट अपलोड करने पर प्रतिबंध–पुलिस विभाग ने जारी की एसओपी
- प्रदेश भर में शुष्क ठंड का प्रकोप जारी–बारिश न होने से किसानों–बागवानों की बढ़ी चिंता

वंदेमातरम

लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष चर्चा शुरू करते हुए कुछ अहम बातें कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् की भावना, देशभक्ति, आत्मसम्मान और आज के भारत यानी आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए प्रेरणा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे वंदे मातरम् ने हमे आज़ादी दिलाई ,उसी तरह अब हमें देश को 2047 तक विकसित ,आत्मनिर्भर और मज़बूत बनाना है।

राष्ट्रपति–हस्तशिल्प पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसमें वर्ष 2023 और 2024 के लिए प्रतिष्ठितकुशल शिल्पकारों को सम्मानित किया जाएगा। वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान असाधारण कलात्मक निपुणता का सम्मान करते हैं। यह भारत की समृद्ध एवं विविध हस्तशिल्प विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह और वस्त्र राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा भी पुरस्कार समारोह में शामिल होंगे।

नशा मुक्त मुहिम

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते मंडी जिले के करसोग क्षेत्र में नशा मुक्त हिमाचल की मुहिम को बड़ी सफलता मिली है। प्रदेश सरकार के तंबाकू मुक्त युवा अभियान चरण तीन के तहत करसोग खंड के तीन गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र चर्चा में आ गया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी संवाददाता

*विकास खंड करसोग की ग्राम पंचायत बगैला का कुन्हू गांव करसोग खंड का पहला तंबाकू मुक्त गांव बना है। तंबाकू नियंत्रण नियमावली के तहत हुए मूल्यांकन में कुन्हू गांव को 160 में से 149 अंक मिले। इस आकलन की पुष्टि ग्राम प्रधान खुशी राम, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कला देवी और करसोग अस्पताल की टीम ने की। इसके बाद खंड चिकित्सा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी करसोग के संयुक्त हस्ताक्षर से गांव को प्रमाण पत्र जारी कर तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। इसी अभियान के तहत ग्राम पंचायत परलोग के चौरा गांव को पूरे 160 अंक प्राप्त हुए, जबकि खबरौट बेलुढांक गांव को 140 अंक मिले और इन दोनों गांवों को भी तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि यह सफलता स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और ग्रामीणों की संयुक्त भागीदारी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनसहभागिता सबसे जरूरी है और इन गांवों की उपलब्धि अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने तीनों गांवों के लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए अपील की कि वे आने वाले समय में भी अपने गांवों को तंबाकू मुक्त बनाए रखने में लगातार सहयोग करते रहें।*

पुलिस

पुलिस वर्दी में सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर सख्त मापदंड तय करते हुए प्रदेश पुलिस विभाग ने एसओपी जारी की है। इसके तहत कोई भी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी वर्दी पहनकर मनोरंजन, निजी प्रचार, धार्मिक, राजनीतिक या व्यक्तिगत प्रकृति की रील, वीडियो, फोटो अथवा स्टोरी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड नहीं कर सकेगा। एसओपी का उल्लंघन अनुशासनहीनता माना जाएगा, जिसके लिए दोषी कर्मियों पर विभागीय जांच, निलंबन व सेवा से हटाने तक की कार्रवाई की जा सकती है।

चंबा उपायुक्त

चम्बा जिला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए जिला प्रशासन ने कई फैसले लिए हैं जिन्हें अगले पर्यटन सीजन से पूर्व धरातल पर उतारा जाएगा। इस पर्यटन से स्थानीय युवाओं को भी जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें भी रोजगार उपलब्ध हो सके। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिला में पर्यटन क्षेत्रों को विकसित किया जाएगा ताकि अधिक पर्यटक यहां कि तरफ आकर्षित हो पाएं।

मौसम

प्रदेश में लम्बे समय से शुष्क ठंड का दौर जारी है। जिसके चलते मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाने से लोगों को कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पिछले कल जनजातीय क्षेत्रों में मौसम के करवट बदलने से रोहतांग दर्रे और बारालाचा में ताज़ा हिमपात हुआ। रोहतांग में 12 सेंटीमीटर और बारालाचा दर्रे पर 5 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई। रोहतांग दर्रे पर ताज़ा हिमपात होने से स्थानीय पर्यटन कारोबारियों के चहरे खिल गए हैं। उनका कहना है कि बर्फ़बारी होने के बाद पर्यटकों की आमद में इजाफा होगा और उनका कारोबार बढ़ेगा।

स्थानीय निवासी

वहीं लम्बे समय से बारिश न होने से किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ गई है। बागवानों का कहना है कि समय पर बारिश और बर्फ़बारी न होने से सेब की फसल को नुक्सान होगा।

बागवान

इस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश में 13 दिसंबर तक मौसम के साफ़ बने रहने की सम्भावना जताई है जबकि 14 दिसंबर को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और हिमपात का पूर्वानुमान है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला और दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–पेंशनरों के लंबित मेडिकल बिलों की एक माह के भीतर होगी अदायगी। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–चिट्टा तस्करी में हिमाचल के 60 कर्मचारी शामिल–15 पुलिसकर्मी भी। हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–हिमाचल में भवन निर्माण नियमों में बड़ा बदलाव–अब अधिकतम 21 मीटर तक हो सकेगी रिहायशी भवनों की उंचाई। जबकि दैनिक भास्कर का शीर्षक है–150–250 वर्ग मीटर के प्लॉट पर हाउस की उंचाई 21 मीटर और सेट बैक 2 मीटर रखना होगा।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वंदे मातरम् की भावना, देशभक्ति, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए प्रेरणा
- नशा मुक्त हिमाचल की मुहिम में मंडी जिला को बड़ी सफलता–करसोग खंड के तीन गांव तंबाकू मुक्त घोषित
- पुलिस की वर्दी में रील–वीडियो व एंटरटनेमेंट कंटेंट अपलोड करने पर प्रतिबंध–पुलिस विभाग ने जारी की एसओपी
- प्रदेश भर में शुष्क ठंड का प्रकोप जारी–बारिश न होने से किसानों–बागवानों की बढ़ी चिंता